साप्ताहिक

पृथ्वी पर हम सब समय माया के यात्री हैं

# समय माया

R.N.I. No.: MP/HIN/2006/20685

प्रधान संपादक- अजमेरा एस.पी. कुमार
B.COM., M.A., LLB, CAIIB, DLLLW&PM

Webite: www.samaymaya.com
Email: samaymaya@gmail.com
samaymaya@rediff.com

Cell: +91 9425125569
+91 9479535569

(C) All Copyrights reserved with chief editor, do not publish any matter without prior written permission

In case of any dispute, may be solved only in Indore Court Jurisdiction

वर्ष 17 अंक 12 प्रति सोमवार इंदौर, 23 से 29 अक्टूबर 2023 पृष्ठ 8 मूल्य 2/- रुपए

# भारत-अमेरिकी यूरोपीय ड्रग ट्रायल के षडयंत्र का अड्डा

## 70% अकाल मौत के लिए विश्व घातक संगठन जिम्मेदार भारत में इंडियन काउंसिल आफ मेडिकल रिसर्च और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन सभी WHO के एजेंट

बिल गेट ईसाई मिशनरी व बहुराष्ट्रीय कंपनियों का पूर्व नियोजित दुनिया की जनसंख्या को कम करने का कोरोना अंतरराष्ट्रीय षड्यंत्र था। यह बात दुनिया की सभी सरकारी व उनके स्वास्थ्य मंत्रालय जानते थे परंतु सभी को बहुराष्ट्रीय कंपनियों ने देश और दुनिया के व्यापार पर कब्जा करने के लिए मोटा पैसा बांटा था। इसकी तैयारी में अकेले वॉलमार्ट अमेरिका ने जिसे लगभग 150 से ज्यादा देशों में व्यापार फैला हुआ है और लाखों करोड़पति मां की कमाई पिछले कई सालों से वहां की सरकारों को खरीद और कानून बनवाकर छोटे व्यवसाईयों उद्योगों व्यापारों बाजरो मंडियों को खत्म कर अपने शॉपिंग मॉल के माध्यम से कर रहा है।

इसकी तैयारी में सन 2004-5 में भारत में भी उसने लगभग साढे 37000 करोड डॉलर खर्च कर भारत में खाद्य सुरक्षा में मानक अधिनियम बनवाया था इसका उद्देश्य था सारे छोटे व्यवसाईयों मंडियों बाजारों को खत्म कर किसानों की कृषि भूमि पर कब्जा कर सारे खाद्य व्यवसाय को हथिया कर सारे खाद्य पदार्थों की पैकिंग कर उसको10 से 100 गुना कीमत पर बैचकर जनता को लूटना

दूसरी तरफ प्रधानमंत्री मुख्यमंत्रियों भारत सरकार और प्रदेश सरकारों के सारे स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत काम करने वाले खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग को क्षेत्रीय नगर निगम पालिकाओं थानों को खरीद कर मासिक वेतन के बराबर वेतन बांट कर सारी दुकानों फुटपाथ ठेलों आदि को कानून के दम पर खत्म कर अपनी लूट का तांडव करवाना था। जिसका सच अपने कोरोना कल में न केवल भारत में बल्कि दुनिया के हर देश में देखा। दूसरी तरफ वन वर्ल्ड ऑर्डर के अंतर्गत बिल गेट व ईसाई मिशनरी का जो विश्व की जनसंख्या को कम करने का जो षड्यंत्र था। उसके अंतर्गत जानबूझकर 24 घंटे टीवी मोबाइल समाचार पत्रों में भय फैला कर पूरी विश्व की जनता को सर्दी खांसी जुकाम की आड़ में अस्पतालों में भर्ती कर मार डालेंगे जिसमें हर मौत के पीछे 280000 रुपए का भुगतान किया जा रहा था मानसिक भय के चलते जिस कृत्रिम भयावह वातावरण में जनता को मुंह पर जबरदस्ती मास्क बांधकर दम घोंट, हाथों को बार-बार अल्कोहल जैसे घातक रासायनिक तत्वों से धुलवा धुलवा कर जानबूझकर मानसिक और शारीरिक रूप से उसकी रोग प्रतिरोधी क्षमता घटाकर बीमार बनाकर अस्पतालों की तरफ भगदड़ मचवाई जा रही थी। सरकारी संस्थाएं बहुराष्ट्रीय कंपनियों की और विश्व घातक संगठन की गुलाम होकर पूरे देश और दुनिया को बंद कर जो तांडव कर रही थी वह सब कुछ स्वयं बयां कर रहा था।

इशारा सुनियोजित एक तरफ बीमार बना कर तो दूसरी तरफ बाजारों को बंद कर भूख से करने का शरण किया जा रहा था दिखावे के लिए नेता और सरकारी अधिकारी जो उनके भोजन पानी की व्यवस्था के लिए सामग्री आ रही थी वह केवल 5 से 10% पटवारी जाकर बाकी सब हजम करके बेची जा रही थी?। इस प्रकार पहले 2020 की मार्च सेजून जुलाई तक की लहर में लगभग एक से डेढ़ करोड़ लोगों को अकाल मौत का शिकार बनाया गया और दूसरी लहर मेंसन 2021 में लगभग 3:30 से 4 करोड लोगों को मौत का शिकार बनाया गया इसकी आड़ में जो टीका ठोकने का षड़यंत्र किया गया। जो साधारण किसी बीमारी का टीका बनाने में 20 से 25 साल लगते हैं वह टीका मौत के भयावह तांडव के लिए सन 2016 से बनाया जाने लगा था।

उसे ठीक कैसे स्वयं अक्टूबर2020 से 2000 नवंबर 21 तक लगभग 80000 से ज्यादा डॉक्टर और दो लाख से ज्यादा स्वास्थ्य कर्मियों की अकाल मौत हुई परजिन डॉक्टरों को मोटा कमीशन मिल रहा था। वह सब टीके की मौत का तांडव देखकर भी चुपचाप बैठे हुए थे और टीका ठोकने में लगे हुए थे। टीके के षड्यंत्र के खिलाफ पूरी दुनिया में न केवल मैं बल्कि लगातार हर कोने से आवाज उठने लगी स्वास्थ्य मंत्रालय देश की सरकारी बदनाम होने लगी।

(शेष पेज 6 पर)

# बच्चों की बर्बादी के लिए WHO जिम्मेदार

## अमेरिकी गूगल माइक्रोसॉफ्ट भविष्य की पीढ़ी कर रहे बर्बाद

**कोरोना के साइलेंसर में ऑनलाइन पढ़ाई के बहाने गेमिंग यौन शोषण अपराधों में उलझा कर चौपट किया जा रहा दुनिया का भविष्य**

पूरी दुनिया को गुलाम बनाने लूट कर बर्बाद करने में अमेरिकी जालसाज डकैत कंपनियां पिछले शताब्दी से अनेकों षड्यंत्र करती चली आ रही है। जिसका इतिहास बहुत लंबा और घिनौना है। पर वर्तमान में इंटरनेट यथार्थ में सूचना तंत्र का मकड़ जाल लोगों को मानसिक शारीरिक आर्थिक और सामाजिक रूप से पूर्ण गुलाम बन चुका है। इससे सबसे ज्यादा हमारी युवा होती पीढ़ी शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर हो स्वतंत्र सोचने की क्षमता, आलसी हो शारीरिक रूप से भी पन्गु हो नपुंसक होती जा रही है। स्वाभाविक है उसके बदले में अमेरिकी दवा उत्पादक कंपनियों की ही दवाई में की जाएगी और उससे वह मोटी कमाई करेगा।

(शेष पेज 7 पर)

## बैंकों में जमा धन मोदी बाप की जागीर नहीं

# मित्रों का कर्ज माफ जनता की जेब साफ

**राक्षस घोर लालची मोदी ने बहुराष्ट्रीय कंपनी वह अपनी पूंजीपति मित्रों के फायदे और उन के इसारे पर नाच कर 9:30 साल में आते ही सफाई वेे नाम छोटे व्यवसाईयों दुकानदारों फुटपाथ वालों को साफ कर, कैशलेस करोड़ों लोगों के खाता खुलवाकर अपने मित्रों की पेटीएम भी व अन्य ऑनलाइन अप वेे माध्यम से जनता के धन को बटोरा।**

इसके बाद नोटबंदी मैं भी लगभग 50 करोड़ बैंक खाते खुलवाकर न्यूनतम शेष व अन्य शुल्कों इसमें रखरखाव पन्ने के शुल्क के नाम से जनता का लगभग 12 से 15 लाख करोड़ माध्यम से सरकारी सहकारी व निजी बैंकों द्वारा अपना लाभ मान, हजम कर जालसाज मोदी के मित्रों अडानी अंबानी टाटा बिरला रामदेव नीरव मोदी बल लगभग 10000 से ज्यादा गुजरातियों का जो गुजरात की सरकारी सहकारी निजी बैंकों ने जो लाखों करोड़ का कर्ज दिया था। बदले में 25% तक कमीशन वसूल कर का लिया माफ करवा गया। जीएसटी में छोटे-छोटे व्यवसाईयों उद्योगी दुकानदारों के भी बैंक खाता खुलवाकर उनको भी बैंकों ने विभिन्न शुल्कों के नाम जमकर लूटना शुरू कर दिया जो पहले निशुल्क हुआ करते थे यहां तक की नगद जमा करने निकलने, बही के पन्ने, एटीएम से कैश निकालने पर 175 रुपए के साथ उसमें 18% जीएसटी जोड़ दिया गया। (शेष पेज 6 पर)

साप्ताहिक समय माया

## संपादकीय

# कोप-कलह-कोहराम

राजनीति में पार्टियों के अंदर कलह और कोहराम कहाँ नहीं है! महत्वकांक्षाएँ अहमन्यता पैदा करती है। हर नेता अपनी सुरक्षा के लिए अपने लोगों को बढ़ाता है। सत्ता पर वर्चस्व के लिए ज़ोर आज़माइश होती है। अहम टकराते हैं। तू-तू-मैं-मैं मचती है और हर तरह की व्यूह रचना प्रतिस्पर्धी नेता के खिलाफ रची जाती है। अपने देश में चुनाव के वक़्त यह राजनीति खुलकर खेलती है। और कोई मौसम भले कमज़ोर रहे चुनावी मौसम कभी कमज़ोर नहीं पड़ता। दुर्भाग्य से यह चुनावी मौसम लगातार इस क़दर बना रहता है कि राजनीति को बदलाव जन कल्याण के अपने बुनियादी काम करने का अवकाश ही नहीं मिलता । इसलिए राजनीति आरोप-प्रत्योरोप, असंतोष और कलह का नाम होकर रह गयी है। हर पार्टी का यही हाल है। काँग्रेस, भाजपा में यह चरम पर है। शायद सही यह कहना होगा कि भाजपा अब काँग्रेस के ही नक्शेक़दम पर चल रही है। काँग्रेस के बारे में तो यही कहा जाता रहा है कि उसका विपक्ष हमेशा उसके अंदर मौजूद रहता है। पंजाब में काँग्रेस को कलह ले डूबी और सिद्धारमैया-डी. शिवकुमार की एकजुटता ने कर्नाटक में उसे चुनावी वैतरणी पार करा दी। ज्योतिरादित्य सिंधिया का कलही घड़ा जब भर गया तो उन्होंने मध्यप्रदेश में काँग्रेस का सत्ता का महल ढहा दिया। पाँच राज्यों में अगले महीने चुनाव हैं। टिकट बँट रही है और असंतोष, रोष बढ़ता जा रहा है। कलह तेज़ है। पार्टी के कोप भवन गुलज़ार हैं। कोहराम मचा हुआ है। पाँच राज्यों के ये चुनाव कई तरह से एक बार फिर हमारी राजनीति की कलई खोलते हैं। दलों के आंतरिक लोकतंत्र, अनुशासन, नियम-क़ानूनों, मान-मर्यादा का असली रूप सामने लाते हैं। गुटबाज़ी, गिरोहबंदी, भाई-भतीजावाद, चापलूसी, चुगलखोरी ऊपर से नीचे तक व्याप्त दिखती है। यह सब हमेशा से चल रहा है। पर आज भी यही चल रहा है यह हैरतकारी है। हमारी राजनीति ने कुछ सीखा नहीं। वह दिनोंदिन नये स्वांग भरने वाली लीलामय होता जा रही है। आज जब मीडिया विस्फोट के ज़माने में कुछ भी गोपनीय नहीं रह गया है तब राजनीति का जन-प्रयोजनों से विरहित होकर कलह-केंद्रित होना दुखद है। साल भर राजनीति के कुचक्रों को हम निष्क्रियता से देखते हैं। सत्ताकामी राजनीति के नये-नये आयाम मणिपुर, गुजराज से महाराष्ट्र तक नुमाया होते रहते हैं, लेकिन चुनाव के समय राजनीतिक दुरभिसंधियाँ अतिविकट रूप में दिखती हैं। काँग्रेस ने छत्तीसगढ़ में किसी तरह असंतोष को वहाँ सत्ता में ज्यादा भागीदारी देकर ख़ामोश कर दिया है। पर मध्यप्रदेश और राजस्थान की दोनों मुख्य पार्टियों, काँग्रेस और भाजपा का हाल ये चुनाव बताते हैं। दोनों का मामला अंदरूनी तनावों से इतना गरमाया हुआ है कि जहाँ राजस्थान में भाजपा जीतती दिख रही था वहाँ काँग्रेस के भी जीत के आसार दिखने लगे हैं और मध्यप्रदेश में काँग्रेस की शर्तिया जीत भाजपा को चुनौती में चुनौती में खड़ा कर रही है। भाजपा को राजस्थान में वसुंधरा परेशान किये हुए है। पार्टी का शीर्ष नेतृत्व क्षेत्रीय नेतृत्व को मिटाने में लगा है। शिवराज और वसुंधरा दोनों खिन्न हैं। वहीं काँग्रेस क्षेत्रीय नेतृत्व को पुष्ट कर रही है। भाजपा मुख्यमंत्री का चेहरा छिपा कर चल रही है जबकि भारतीय दलीय राजनीति में क्षत्रप भी अंतिम समय तक अपना दावा नहीं छोड़ते। वसुंधरा हों या शिवराज या गहलोत सभी सर्वोच्च पद पर अपना दैवीय हक़ मानते हैं। काँग्रेस राजस्थान में सचिन को साध पायी है पर भाजपा मुश्किल में है। भाजपा मोदी-शाह किसी से न सलाह लेते हैं न किसी की सुनते हैं। सांसदों को मालूम तक नहीं था कि उनसे चुनाव लड़ने को कहा जाएगा। मध्यप्रदेश के नरेंद्र तोमर पार्टी की प्रत्याशी चयन स्क्रीनिंग कमेटी में थे फिर भी वे कतई अनभिज्ञ थे कि उन्हें भी चुनाव लड़ना पड़ेगा। इसलिए असंतोष चरम पर है और भाजपा में सुनवाई का ठिकाना है ही नहीं। काँग्रेस के शीर्ष नेता कमलनाथ और दिग्विजय टिकट बँटवारे पर खुलेआम मंच पर एक-दूसरे पर आरोप मढ़ रहे हैं। दरअसल दोनों के ऊपरी प्रेम के अंदर पुत्र-प्रेम को लेकर आपसी द्वेष का यह सतह पर आना था। दोनों अपनी विरासत सत्ता और इनसे जुड़ी तमन्नाएँ बेटों को सौंप देना चाहते हैं।

## जनता को निकम्मा बना रही मुफ्तखोरी की लत

# रेवड़ी की राजनीति

### कर्ज ले घी पीने पिलाने का षडयंत्र अर्थव्यवस्था को करेगा चौपट

**मुफ्तखोरी की संस्कृति इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है कि कुछ राजनीतिक दलों का अधिकांश चुनावी एजेंडा, एक सोची-समझी रणनीति के तहत केवल मुफ्त की पेशकशों पर आधारित है, जो मतदाताओं को स्पष्ट रूप से एक संदेश भेज रहा है कि यदि राजनीतिक दल जीतता है तो उन्हें ढेर सारी मुफ्त चीजें मिलेंगी। इससे कई सवाल खड़े होते हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या मतदाताओं के दिमाग में हेरफेर करने और सत्ता में आने के लिए मुफ्त उपहार देने की ऐसी रणनीति लोकतंत्र में नैतिक, कानूनी और स्वीकार्य है? सब्सिडी और मुफ्त चीजें राजकोषीय घाटा बढ़ाती हैं और सरकारी राजस्व पर दबाव डालती हैं, जिससे घाटा और भी बढ़ जाता है। मुफ्तखोरी मतदाताओं की निर्णय लेने की शक्ति को बुरी तरह प्रभावित करती है। ऋण माफी को मुफ्त उपहार के रूप में देने से अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं, जैसे कि संपूर्ण ऋण संस्कृति को बर्बाद करना और मूल प्रश्न को अस्पष्ट करना कि कृषक समुदाय का एक बड़ा हिस्सा लगातार ऋण जाल में क्यों फंसता जा रहा है। श्रीलंका में आर्थिक उथल-पुथल मुफ्तखोरी की राजनीति के दुष्परिणामों का एक उदाहरण है। इसमें मजबूत वित्तीय स्वास्थ्य में बाधा डालने की क्षमता है। यह राज्यों को कल्याणकारी योजनाओं से संसाधनों को राजनीति से प्रेरित एजेंडे की ओर मोड़ने के लिए मजबूर करता है। अतार्किक मुफ्तखोरी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है और लोकतंत्र में बाधा उत्पन्न करेगी। मुफ्तखोरी की संस्कृति स्वतः ही प्राकृतिक संसाधनों के प्रति गैर-जिम्मेदारी और संसाधनों के अति प्रयोग को बढ़ावा देगी और इससे पर्यावरण को अधिक नुकसान होगा। जैसे मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी आदि। एक परिपक्व लोकतंत्र में, एक राजनीतिक दल केवल अच्छे और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का ऋणी होता है, जबकि अच्छा शासन देना कठिन होता है, मुफ्त के वादों को पूरा करना सरल होता है। भारतीय मतदाता तर्कसंगत आर्थिक प्रबंधन के बजाय मुफ्तखोरी की राजनीति की ओर आकर्षित हैं, जो पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और दिल्ली में बार-बार साबित हुआ है। रू0 55,000 करोड़ की मुफ्त चीज़ें पंजाब को दिवालियापन की ओर ले जा रही हैं, जो पहले से ही सबसे अधिक कर्ज़दार राज्य है, और कर्नाटक में रू. 62,000 करोड़ (जीएसडीपी का 3 प्रतिशत) की चुनावी गारंटी को भी इसी तरह की स्थिति मिलेगी।**

राजनीतिक दलों द्वारा मुफ्त बिजली, मुफ्त सार्वजनिक परिवहन, मुफ्त पानी और लंबित बिलों और ऋणों की माफी जैसे वादों की एक श्रृंखला को अक्सर मुफ्त उपहार माना जाता है। 'मुफ़्त उपहार' का वितरण भारत में चुनाव प्रचार का एक अभिन्न अंग बन गया है। मुफ्तखोरी की संस्कृति इतने खतरनाक स्तर पर पहुंच गई है कि कुछ राजनीतिक दलों का अधिकांश चुनावी एजेंडा, एक सोची-समझी रणनीति के तहत, केवल मुफ्त की पेशकशों पर आधारित है, जो मतदाताओं को स्पष्ट रूप से एक संदेश भेज रहा है कि यदि राजनीतिक दल जीतता है तो उन्हें ढेर सारी मुफ्त चीजें मिलेंगी। यह चुनाव अभियानों से अप्रभेद्य है जहां राजनेता दीर्घकालिक विकास लक्ष्य रोजगार गारंटी, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए राज्य समर्थन, और अन्य कल्याणकारी योजनाएं निर्धारित करने के बजाय मतदाताओं को लुभाने के शॉर्टकट के रूप में मुफ्त पानी, बिजली, राशन, भोजन, टीवी, लैपटॉप, टैबलेट, साइकिल, स्कूटर, गैस सिलेंडर और सार्वजनिक परिवहन के वादे करते हैं। इससे कई सवाल खड़े होते हैं, जिनमें यह भी शामिल है कि क्या मतदाताओं के दिमाग में हेरफेर करने और सत्ता में आने के लिए मुफ्त उपहार देने की ऐसी रणनीति लोकतंत्र में नैतिक, कानूनी और स्वीकार्य है? सब्सिडी और मुफ़्त चीज़ें राजकोषीय घाटा बढ़ाती हैं और सरकारी राजस्व पर दबाव डालती हैं, जिससे घाटा और भी बढ़ जाता है।

मुफ्तखोरी मतदाताओं की निर्णय लेने की शक्ति को बुरी तरह प्रभावित करती है। ऋण माफी को मुफ़्त उपहार के रूप में देने से अनपेक्षित परिणाम हो सकते हैं, जैसे कि संपूर्ण ऋण संस्कृति को बर्बाद करना और मूल प्रश्न को अस्पष्ट करना कि कृषक समुदाय का एक बड़ा हिस्सा लगातार ऋण जाल में क्यों फंसता जा रहा है। श्रीलंका में आर्थिक उथल-पुथल मुफ्तखोरी की राजनीति के दुष्परिणामों का एक उदाहरण है। इसमें मजबूत वित्तीय स्वास्थ्य में बाधा डालने की क्षमता है। यह राज्यों को कल्याणकारी योजनाओं से संसाधनों को राजनीति से प्रेरित एजेंडे की ओर मोड़ने के लिए मजबूर करता है। अतार्किक मुफ्तखोरी स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है और लोकतंत्र में बाधा उत्पन्न करेगी। मुफ्तखोरी की संस्कृति स्वतः ही प्राकृतिक संसाधनों के प्रति गैर-जिम्मेदारी और संसाधनों के अति प्रयोग को बढ़ावा देगी और इससे पर्यावरण को अधिक नुकसान होगा। जैसे मुफ्त बिजली, मुफ्त पानी आदि। एक परिपक्व लोकतंत्र में, एक राजनीतिक दल केवल अच्छे और भ्रष्टाचार मुक्त शासन का ऋणी होता है, जबकि अच्छा शासन देना कठिन होता है, मुफ्त के वादों को पूरा करना सरल होता है। भारतीय मतदाता तर्कसंगत आर्थिक प्रबंधन के बजाय मुफ्तखोरी की राजनीति की ओर आकर्षित हैं, जो पंजाब, राजस्थान, छत्तीसगढ़, झारखंड और दिल्ली में बार-बार साबित हुआ है। रू0 55,000 करोड़ की मुफ्त चीज़ें पंजाब को दिवालियापन की ओर ले जा रही हैं, जो पहले से ही सबसे अधिक कर्ज़दार राज्य है, और कर्नाटक में रू. 62,000 करोड़ (जीएसडीपी का 3 प्रतिशत) की चुनावी गारंटी को भी इसी तरह की स्थिति मिलेगी।

'मुफ़्त उपहार' पॉलिटिक्स पर वित्त आयोग (एफसी) की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है। यह राज्यों को संघीय संसाधनों के हस्तांतरण के लिए एकमात्र संवैधानिक निकाय है। ऐसी मुफ़्तखोरी की राजनीति से निपटने के लिए उसके पास शायद ही अधिकार, वैधता या क्षमता है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मुफ्त वस्तुओं का वितरण स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के खिलाफ है और चुनावी प्रक्रिया का उल्लंघन करता है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग (ईसी) को मुफ्त वस्तुओं के संदर्भ में उचित दिशानिर्देश तैयार करने का निर्देश दिया। हालाँकि, चुनाव आयोग ने केवल एक अस्पष्ट दिशानिर्देश प्रदान किया, जिसमें पार्टियों को वादा किए गए मुफ्त उपहारों के वित्तपोषण की योजनाओं को बताने की आवश्यकता थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस मुद्दे पर विचार करने के लिए सभी हितधारकों को शामिल करते हुए एक विशेषज्ञ पैनल गठित करने का आह्वान किया, लेकिन अभी तक कुछ भी सामने नहीं आया है।

राजनीतिक दलों को मुफ्त उपहारों का वादा करने से रोकना मुश्किल होगा, लेकिन जन प्रतिनिधित्व अधिनियम (आरपीए) में संशोधन के माध्यम से सिद्धांतों का खुलासा करना अनिवार्य करके इसे कुछ हद तक हल किया जा सकता है। इसे राजनीतिक दलों के बीच सर्वसम्मति के माध्यम से केवल विधायिकाओं द्वारा ही प्रभावी ढंग से संबोधित किया जा सकता है।

भारत में मुफ्तखोरी की राजनीति की प्रवृत्ति राजकोषीय जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों के बारे में चिंता पैदा करती है। इस चिंता को संबोधित करने के लिए एक व्यापक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। दुर्लभ निधि को मुफ़्त चीज़ों पर खर्च करने के बजाय रोज़गार सृजन में निवेश करना महत्वपूर्ण है। यह वह प्रश्न है जिसका उत्तर अंततः मतदाता ही दे सकते हैं। मुफ़्त चीज़ों के मुद्दे के समाधान के लिए लोकतांत्रिक जवाबदेही पर भरोसा करना महत्वपूर्ण है। राजनीतिक दलों को राजनीतिक वादे करने से पूरी तरह रोका नहीं जा सकता। हालाँकि, ऐसे वादे, भले ही उनमें कुछ मुफ्त चीज़ें शामिल हों, मुख्य रूप से तर्कसंगत और संवैधानिक कल्याण उद्देश्यों के अनुरूप होने चाहिए। इसके अलावा, राजनीतिक दलों को मुफ्त उपहारों के राजनीतिक वादों को पूरा करने के लिए धन के स्रोत की घोषणा करनी चाहिए।

राजनीतिक दलों को सूचित करना चाहिए कि क्या मुफ्त के लिए धन सरकारी खजाने से आएगा, और यदि ऐसा है तो यह केवल एक जेब से पैसा लेना और मतदाता की दूसरी जेब में डालना है, सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि बड़े पैमाने पर, अनियंत्रित मुफ्तखोरी संस्कृति हमारे जैसे लोकतंत्र में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों की छत को हिला देती है। मुफ़्तखोरी की संस्कृति को नियंत्रित करने वाले नियम बनाने की तत्काल आवश्यकता है, इससे पहले कि यह और अधिक विस्फोट करे और अधिक खतरनाक आर्थिक और राजनीतिक उथल-पुथल का मार्ग प्रशस्त करे। अन्यथा, 'मुफ़्त उपहार' सबसे महंगा साबित हो सकता है!

# शिक्षण संस्थाएं लंपट लुटेरे माफियाओं के डकैती के अड्डे

## सारे शिक्षण संस्थान फर्जी अंकसूचियां और डिग्री बांटने की दुकानें

शिक्षण के क्षेत्र में निजी संस्थाओं, माफियाओं, पूंजीपतियों, नेताओं, अधिकारियों, कंपनियों के उतरने का मूल्य उद्देश्य ही था अपनी यौनाकांक्षाओं को पूरा करना, शिक्षा के नाम पर विद्यार्थियों के माता-पिता को लूटना और यथार्थ में मोटी कमाई के लिए साधन हीनता के साथ सक्षम शिक्षकों का न्यूनतम वेतन देकर शिक्षक करवा फर्जी डिग्रियां बांट युवा पीढ़ी का जीवन बर्बाद करना था।

और भाई चारों तरफ चल रहा है। हर शिक्षण संस्था चाहे वह छोटे बच्चों की नर्सरीहो हो प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक या महाविद्यालय विश्वविद्यालय शिक्षा हो, सभी शिक्षण संस्थानों में ना तो अच्छे शिक्षक होते हैं जिसमें यदि हम नर्सरी स्कूल की बात करें तो बाल्यावस्था के बच्चों को पढ़ाने के लिए बाल शिक्षा की स्नातक डिग्री होना चाहिए जिसमें बाल्यावस्था के बच्चों का मनोविज्ञान आदि पढ़ाई जाते हैं। की व्यवस्था की है पर अधिकांश बाल्य पाठशालाओं स्कूलों में ऐसे शिक्षकों कीजिनका मासिक वेतन कम से कम 25 से 40 हजार रुपए होना चाहिए की अपेक्षा 5 से8-10 हजार रुपए महीने के शिक्षकों को जो पांचवी आठवीं दसवीं पास होती हैं भर्ती कर ली जाती है फिर नर्सरी स्कूलों में पर्याप्त खिलौने भोजन बनी चिकित्सा खेल का मैदान पर्याप्त स्वच्छ हवादार कमरों की व्यवस्था होनी चाहिए जहां बच्चे खेल कूद पढ़ाई भोजन पानी आदि कर समय बातचीत कर सकें वैसे भारतीय कारखाना अधिनियम में ऐसे झूला गुरु की व्यवस्था हर शक्तियों में भी की जाने की व्यवस्था अनिवार्य रूप से किए जाने की व्यवस्था भी है जहां तक प्राथमिक माध्यमिक स्कूलों का सवाल है तो फीस हजारों में ली जाती है परंतु वही हाल यहां पर भी शिक्षण स्नातक शैक्षिक योग्यता वाले शिक्षक केवल सरकारी स्कूलों में मिलते हैं निजी स्कूलों में यहां पर भी दसवीं बारहवीं पास शिक्षक शिक्षिकाओं की भर्ती कर ली जाती है जिन्हें ना तो हिंदी या इंग्लिश भाषा आती है ना ही उन विषयों का पर्याप्त पूर्ण ज्ञान होता है जो की शिक्षण कार्य में आवश्यक है परंतु यहां पर भी प्राथमिक माध्यमिक स्कूल के निजी शिक्षण संस्थानों में उनके पास पर्याप्त हवादार सुरक्षित कमरे पेय जल, क्रीड़ागंन, पुस्तकालय प्रयोगशाला आदि की व्यवस्था हो ना हो परंतु फीस हजारों में ली जाने के बावजूद भी उचित शिक्षा की व्यवस्था नहीं होती अनावश्यक पुस्तक कॉपियों मन चाहे लिखो की मनचाही दुकान से ही खरीदने के लिए जो 4 से 10 गुना महंगी होती है विद्यार्थियों के माता-पिता को खरीदने के लिए बाध्य किया जाता है। बेशक इन सारे प्राथमिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में 90% में शासकीय विधि अनुसार आवश्यक शिक्षण कक्ष शिक्षकों का कक्ष, प्राचार्य का कक्ष, खेल का मैदान, उचित हवलदार सुरक्षित कमरों का भवन हो ना हो सुर सुंदरी और धन ले दे वह राजनीतिक पहुंच लगाकर जिला शिक्षा अधिकारियों सी मनितालेली जाती हैबेशक जिला शिक्षा अधिकारियों द्वारा ऐसे स्कूलों से महिला वसूली करने के साथ-साथ उनके निरीक्षक भी अच्छी खासीमासिक त्रैमासिक अर्धवार्षिक या वार्षिक वसूली करते हैं और विद्यार्थियों के जीवन से खिलवाड़ करते रहते हैं पर किसी भी शासकीय अधिकारी नेता मंत्री को क्योंकि सारी सुख सुविधा मिलती रहती हैंकोई चिंता नहीं होती। इंदौर नगर में ही लगभग ऐसे 2000 से ज्यादा स्कूल चलाई जा रहे हैं जिनसे जिला शिक्षा अधिकारी को मोटी कमाई होती है। बेशक भेड़िया झुंड पार्टी की सरकार भी नहीं चाहती कि बच्चे अच्छे शिक्षित हो और शिक्षित होने के बाद में उनके भ्रष्टाचारों कुकर्मों पर आवाज उठाकर उनका जीना मुश्किल कर दें। इसलिए वे भी ऐसे जालसाज स्कूल संचालकों से महीना खाकर और सुर सुंदरी वाले सेवाएं लेकर आंखें मूदे रहते हैं। इन पर जिलाधीश का नियंत्रण होता है पर जिलाधीश को भीजो दो-तीन साल के लिए किसी जिले में प्रदर्शित किया जाता है और उसे भी मोटी कमाई कर अपने आका मुख्यमंत्री को भेजना होता है इसलिए वह भी शांति के साथ टुकुर-टुकुर करते हुए सारे सभी प्रकार के भ्रष्टाचार होते हुए देखता रह वसूली कर चुप रहता है। नियम कानून यहीं पर समाप्त नहीं होते स्कूल के चारों तरफ पांच सौ मीटर तक सिगरेट पान गुटखा शराब आदि की कोई भी दुकान आदि नहीं होना चाहिए पर इसके विपरीत न केवल इंदौर पूरे प्रदेश वरन पूरे देश में शिक्षण संस्थानों के आसपास ड्रग पेडलर्स का जमावड़ा होता जा रहा है। जो युवा होते छात्र-छात्राओं को अपने ही विद्यालयों में पढ़ने वाले साथियों के माध्यम से पहले मुफ्त

में धीरे-धीरे पैसे में फिर घरों में चोरी करवा कर नशीली दावों का व्यापार कर उन्हें बर्बाद करने में लगे हैं जिसमें स्वयं पूरी की पूरी भाजपा भी लगी हुई है वह चाहती है की विद्यार्थी स्कूलों में ही बर्बाद हो जाए ताकि बड़े होकर वह अपने अधिकारों की मांग ही ना कर सकें। वरुण शासकीय स्तर पर अधिकारियों कर्मचारियों के साथ उनके मंत्री नेताओं द्वारा देश की बर्बादी किस प्रकार व कैसे की जा रही है। यह भी समझ नहीं योग्य न रही और उनकी सत्ता सुरक्षित लूटपाट भ्रष्टाचार करने के बाद में भी चलती रहे। वही हाल शासन द्वारा अनुसूचित जाति जनजाति पिछड़ा वर्ग को दी जा रही छात्रवृतियों का भी हर वर्ष हर जिले में अरबो रुपए का जो खेल होता है उसको यह शिक्षण संस्थान माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक, महाविद्यालय विश्वविद्यालय जो निजी क्षेत्र में चलाई जा रहे हैं का पैसा भी फर्जी छात्रों के प्रवेश दिखाकर हजम कर जाते हैं दूसरी तरफ प्राथमिक विद्यालय में जो सर्वोच्च न्यायालय ने शिक्षा का अधिकार के नाम से आदेश दिया था उसमें भी हर वर्ष पूरे प्रदेश में हजारों करोड़ों का खेल होता है उसमें भी गरीब बच्चों के नाम से प्रवेश दिखाकर उनकी राशि भी निजी शिक्षण संस्थान हजम कर जाते हैं।

निरीक्षण संस्थानों में अय्याशी और लूट के साथ छात्रों छात्रों छात्राओं के माता-पिता के साथ किस प्रकार लूट का तांडव किया जाता है यदि अरविंदो के शिक्षण संस्थानों में एक दिन भी विद्यार्थियों के पालक शुल्क जमा करने में चूक जाते हैं तो डेढ़ हजार रुपए की विलंब शुल्क वसूला जाता है वही हाल ईसाई मिशनरियों के स्कूलों शिक्षण संस्थानों, चोइथराम, पटेल, ओरिएंटल, सिंबायोसिस आदि शिक्षण संस्थाओं का भी है। यही कारण है की इंदौर, धार, रतलाम झाबुआ खंडवा खरगोन अलीराजपुर, बुरहानपुर, उज्जैन देवास शाजापुर अगर मंदसौर नीमच में बैठे आदिम जाति अनुसूचित जाति पिछड़ा वर्ग के संयोजक सहायक आयुक्त जो करोड़ों रुपए की छात्रवृत्ति में हर वर्ष पिछले 30 सालों से करोड़ों के जालसाजी से धन बांट रहे हैं हरामखोर दोस्तों की फौज सूचना के अधिकार में जानकारी देने के नाम पर नौटंकी ज्यादा करती है और जब उनकी जिलाधीशों को अपील लगाई जाती है तो वह अपील जिलाधीश सुनने की अपेक्षा वह अपने उप जिलाधीश या सहायक जिलाधीश को सौंप देता है जो मोटी वसूली कर, उसे अपील की सुनवाई की तारीख के बाद सुनवाई का पत्र भेजता है। यह हाल पूरे मध्यप्रदेश के सभी जिलों का होने के साथ पूरे देश के सभी जिलों में केंद्र व राज्य शासन द्वारा दी जा रही विद्यार्थियों को छात्रवृतियां सुविधायें का पैसा हजम कर जिलाधीश भी उसका हिस्सा हजम करता है इसलिए उनकी वह जानना तो जांच होने देता है और ना ही वह शुक्रों की फौज आवेदकों को जानकारी देने देती है। अधिकांश शिक्षण संस्थाओं का महीना जिला शिक्षा अधिकारी कलेक्टर से लेकर संभाग आयुक्त और आयुक्त से बना होने के कारण वह सभी प्रकार की जालसाजियां कर विद्यार्थियों को शिक्षक के नाम केवल अंक सूचियां, प्रमाण पत्र, शुक्रिया बांटने की दुकानें बन गई है। जिसमें एक तरफ विद्यार्थियों का भविष्य चौपट हो रहा है बालकों की जेब में खाली हो रही है तो अय्याश राजनेता, माफिया, अधिकारी एक तरफ शिक्षिकाओं का योग शोषण करते हैं तो दूसरी तरफ छात्राओं का भी यौन शोषण कर ही उनको परीक्षाओं में उत्तीर्ण करने सुविधा देने आदि का कार्य करते हैं जहां तक परीक्षाओं का सवाल है तो आप देख रहे हैं 99% सरकारी शिक्षण संस्थान विद्यालयों महाविद्यालयों विश्वविद्यालयों में भी क्योंकि वे सभी सासाकी ढंग से चलाए जाते हैं वहां भी निजी महाविद्यालयों के जालसाज संचालकों द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न माध्यम से लूटा जाता है तो पंजीयन व नियमितीकरण, जांच व देखरेख करने वाले ऐसे भ्रष्ट जालसाज अधिकारी पंजीयन भी सुर सुंदरी धनराशि का उपभोग करके उनके दुकानदारी चलाने जानबूझकर परीक्षाओं को लंबित करना, अरबी परीक्षा में नंबर देना आदि के नाम पर खुलकर शोषण को बढ़ावा देते हैं और अब तो यहां तक होने लगा की परीक्षाएं हो जाने के बाद में उनके उत्तर पुस्तिकाएं जचने के लिए भी जो आज से 40 साल पहले होता था अब नहीं होता कि वह उत्तर पुस्तिकाएं उसमें से नाम हटाकर और रोल नंबर चिपक कर अन्य किसी विश्वविद्यालय के प्राध्यापकों को जांचने के लिए भेजी जाती थी। मीना और सालों उत्तर पुस्तिकाएं बिना जाती ही पैसे लेकर पास करने का षड्यंत्र करती हैं। निजी का हाल समझ जा सकता है कि निजी महाविद्यालय में विश्वविद्यालय में क्या लूट और शोषण का तांडव चल रहा है। इस पर स्कूली और उच्च शिक्षा विभाग को उचित नियंत्रण करने के लिए पुरे जम्मू का गठन कर नियमित्त जांचों की व्यवस्था की जानी चाहिए। जो शिक्षण शुल्क से लेकर अन्य सभी प्रकार के शुल्कों की वसूली के साथ छात्रों, छात्रों से गोपनीय सभी प्रकार की शोषण की जानकारियां लेकर उन्हें कार्य करने देने या ना करने देने का कुमार देवी जो साधन रूप से हर निजी और सार्वजनिक विद्यालय महाविद्यालय विश्वविद्यालय में लगाया जाना चाहिए। साथ ही शिकायत के नंबर, शोषण की अवस्था में संपर्क करने वाले अधिकारी का नाम संस्थान के द्वार पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया जाना चाहिए। ताकि सच का पता लगाया जा सके।

**CARTOON OF THE WEEK**

साप्ताहिक समय माया

# पंचमुखी क्यों हुए हनुमान?

## सबके संकटमोचक

लंका में महा बलशाली मेघनाद के साथ बड़ा ही भीषण युद्ध चला. अंततः मेघनाद मारा गया. रावण जो अब तक मद में चूर था राम सेना, खास तौर पर लक्ष्मण का पराक्रम सुनकर थोड़ा तनाव में आया.

रावण को कुछ दुःखी देखकर रावण की मां कैकसी ने उसके पाताल में बसे दो भाइयों अहिरावण और महिरावण की याद दिलाई. रावण को याद आया कि यह दोनों तो उसके बचपन के मित्र रहे हैं.

लंका का राजा बनने के बाद उनकी सुध ही नहीं रही थी. रावण यह भली प्रकार जानता था कि अहिरावण व महिरावण तंत्र-मंत्र के महा ज्ञाता है, जादू टोने के धनी और मां कामाक्षी के परम भक्त हैं.

रावण ने उन्हें बुलावा भेजा और कहा कि वह अपने छल बल, कौशल से श्री राम व लक्ष्मण का वध कर दे. यह बात दूतों के द्वारा विभीषण को पता लग गयी. युद्ध में अहिरावण व महिरावण जैसे परम मायावी के शामिल होने से विभीषण चिंता में पड़ गए.

विभीषण को लगा कि भगवान श्री राम और लक्ष्मण की सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी करनी पड़ेगी.

राम-लक्ष्मण की कुटिया लंका में सुवेल पर्वत पर बनी थी. हनुमान जी ने भगवान श्री राम की कुटिया के चारों ओर कड़ी सुरक्षा कर दी.

अहिरावण और महिरावण श्री राम और लक्ष्मण को मारने सुमेल पर्वत पर पहुंचे। किन्तु इतनी कड़ी सुरक्षा में वह कुटिया तक पहुँचने में असफल रहे. ऐसे में उन्होंने एक चाल चली. महिरावण विभीषण का रूप धर के कुटिया में घुस गया.

राम व लक्ष्मण पत्थर की सपाट शिलाओं पर गहरी नींद सो रहे थे. दोनों राक्षसों ने बिना आहट के शिला समेत दोनो भाइयों को उठा लिया और अपने निवास पाताल की और लेकर चल दिए.

विभीषण लगातार सतर्क थे. उन्हें कुछ देर में ही पता चल गया कि कोई अनहोनी घट चुकी है. विभीषण को महिरावण पर शक था, उन्हें राम-लक्ष्मण की जान की चिंता सताने लगी.

विभीषण ने हनुमान जी को महिरावण के बारे में बताते हुए कहा कि वे उसका पीछा करें. लंका में अपने रूप में घूमना राम भक्त हनुमान के लिए ठीक न था सो उन्होंने पक्षी का रूप धारण कर लिया और पक्षी का रूप में ही निकुंभला नगर पहुंच गये.

निकुंभला नगरी में पक्षी रूप धरे हनुमान जी ने कबूतर और कबूतरी को आपस में बतियाते सुना. कबूतर, कबूतरी से कह रहा था कि अब रावण की जीत पक्की है. अहिरावण व महिरावण राम-लक्ष्मण को बलि चढा देंगे. बस सारा युद्ध समाप्त.

कबूतर की बातों से ही बजरंग बली को पता चला कि दोनों राक्षस राम लक्ष्मण को सोते में ही उठाकर कामाक्षी देवी को बलि चढाने पाताल लोक ले गये हैं. हनुमान जी वायु वेग से रसातल की और बढे और तुरंत वहां पहुंचे.

हनुमान जी को रसातल के प्रवेश द्वार पर एक अद्भुत पहरेदार मिला. इसका आधा शरीर वानर का और आधा मछली का था. उसने हनुमान जी को पाताल में प्रवेश से रोक दिया.

द्वारपाल हनुमान जी से बोला कि मुझ को परास्त किए बिना तुम्हारा भीतर जाना असंभव है. दोनों में लड़ाई ठन गयी. हनुमान जी की आशा के विपरीत यह बड़ा ही बलशाली और कुशल योद्धा निकला.

दोनों ही बड़े बलशाली थे. दोनों में बहुत भयंकर युद्ध हुआ परंतु वह बजरंग बली के आगे न टिक सका. आखिर कार हनुमान जी ने उसे हरा तो दिया पर उस द्वारपाल की प्रशंसा करने से नहीं रह सके.

हनुमान जी ने उस वीर से पूछा कि हे वीर तुम अपना परिचय दो. तुम्हारा स्वरूप भी कुछ ऐसा है कि उससे कौतुहल हो रहा है. उस वीर ने उत्तर दिया- मैं हनुमान का पुत्र हूं और एक मछली से पैदा हुआ हूं. मेरा नाम है मकरध्वज.

हनुमान जी ने यह सुना तो आश्चर्य में पड़ गए. वह वीर की बात सुनने लगे. मकरध्वज ने कहा- लंका दहन के बाद हनुमान जी समुद्र में अपनी अग्नि शांत करने पहुंचे. उनके शरीर से पसीने के रूप में तेज गिरा.

उस समय मेरी मां ने आहार के लिए मुख खोला था. वह तेज मेरी माता ने अपने मुख में ले लिया और गर्भवती हो गई. उसी से मेरा जन्म हुआ है. हनुमान जी ने जब यह सुना तो मकरध्वज को बताया कि वह ही हनुमान हैं.

मकरध्वज ने हनुमान जी के चरण स्पर्श किए और हनुमान जी ने भी अपने बेटे को गले लगा लिया और वहां आने का पूरा कारण बताया. उन्होंने अपने पुत्र से कहा कि अपने पिता के स्वामी की रक्षा में सहायता करो.

मकरध्वज ने हनुमान जी को बताया कि कुछ ही देर में राक्षस बलि के लिए आने वाले हैं. बेहतर होगा कि आप रूप बदल कर कामाक्षी कें मंदिर में जा कर बैठ जाएं. उनको सारी पूजा झरोखे से करने को कहें.

हनुमान जी ने पहले तो मधु मक्खी का वेश धरा और मां कामाक्षी के मंदिर में घुस गये. हनुमान जी ने मां कामाक्षी को नमस्कार कर सफलता की कामना की और फिर पूछा- हे मां क्या आप वास्तव में श्री राम जी और लक्ष्मण जी की बलि चाहती हैं?

हनुमान जी के इस प्रश्न पर मां कामाक्षी ने उत्तर दिया कि नहीं. मैं तो दुष्ट अहिरावण व महिरावण की बलि चाहती हूं.यह दोनों मेरे भक्त तो हैं पर अधर्मी और अत्याचारी भी हैं. आप अपने प्रयत्न करो. सफल रहोगे.

मंदिर में पांच दीप जल रहे थे. अलग-अलग दिशाओं और स्थान पर मां ने कहा यह दीप अहिरावण ने मेरी प्रसन्नता के लिए जलाये हैं जिस दिन ये एक साथ बुझा दिए जा सकेंगे, उसका अंत सुनिश्चित हो सकेगा.

इस बीच गाजे-बाजे का शोर सुनाई पड़ने लगा. अहिरावण, महिरावण बलि चढाने के लिए आ रहे थे. हनुमान जी ने अब मां कामाक्षी का रूप धरा. जब अहिरावण और महिरावण मंदिर में प्रवेश करने ही वाले थे कि हनुमान जी का महिला स्वर गूंजा.

हनुमान जी बोले- मैं कामाक्षी देवी हूं और आज मेरी पूजा झरोखे से करो. झरोखे से पूजा आरंभ हुई ढेर सारा चढावा मां कामाक्षी को झरोखे से चढाया जाने लगा. अंत में बंधक बलि के रूप में राम लक्ष्मण को भी उसी से डाला गया. दोनों बंधन में बेहोश थे.

हनुमान जी ने तुरंत उन्हें बंधन मुक्त किया. अब पाताल लोक से निकलने की बारी थी पर उससे पहले मां कामाक्षी के सामने अहिरावण महिरावण की बलि देकर उनकी इच्छा पूरी करना और दोनों राक्षसों को उनके किए की सज़ा देना शेष था.

अब हनुमान जी ने मकरध्वज को कहा कि वह अचेत अवस्था में लेटे हुए भगवान राम और लक्ष्मण का खास ख्याल रखे और उसके साथ मिलकर दोनों राक्षसों के खिलाफ युद्ध छेड़ दिया.

पर यह युद्ध आसान न था. अहिरावण और महिरावण बडी मुश्किल से मरते तो फिर पाँच पाँच के रूप में जिदां हो जाते. इस विकट स्थिति में मकरध्वज ने बताया कि अहिरावण की एक पत्नी नागकन्या है.

अहिरावण उसे बलात हर लाया है. वह उसे पसंद नहीं करती पर मन मार के उसके साथ है, वह अहिरावण के राज जानती होगी. उससे उसकी मौत का उपाय पूछा जाये. आप उसके पास जाएं और सहायता मांगे.

मकरध्वज ने राक्षसों को युद्ध में उलझाये रखा और उधर हनुमान अहिरावण की पत्नी के पास पहुंचे. नागकन्या से उन्होंने कहा कि यदि तुम अहिरावण के मृत्यु का भेद बता दो तो हम उसे मारकर तुम्हें उसके चंगुल से मुक्ति दिला देंगे.

अहिरावण की पत्नी ने कहा- मेरा नाम चित्रसेना है. मैं भगवान विष्णु की भक्त हूं. मेरे रूप पर अहिरावण मर मिटा और मेरा अपहरण कर यहां कैद किये हुए है, पर मैं उसे नहीं चाहती. लेकिन मैं अहिरावण का भेद तभी बताउंगी जब मेरी इच्छा पूरी की जायेगी.

हनुमान जी ने अहिरावण की पत्नी नागकन्या चित्रसेना से पूछा कि आप अहिरावण की मृत्यु का रहस्य बताने के बदले में क्या चाहती हैं ? आप मुझसे अपनी शर्त बताएं, मैं उसे जरूर मानूंगा.

चित्रसेना ने कहा- दुर्भाग्य से अहिरावण जैसा असुर मुझे हर लाया. इससे मेरा जीवन खराब हो गया. मैं अपने दुर्भाग्य को सौभाग्य में बदलना चाहती हूं. आप अगर मेरा विवाह श्री राम से कराने का वचन दें तो मैं अहिरावण के वध का रहस्य बताऊंगी.

हनुमान जी सोच में पड़ गए. भगवान श्री राम तो एक पत्नी निष्ठ हैं. अपनी धर्म पत्नी देवी सीता को मुक्त कराने के लिए असुरों से युद्ध कर रहे हैं. वह किसी और से विवाह की बात तो कभी न स्वीकारेंगे. मैं कैसे वचन दे सकता हूं ?

फिर सोचने लगे कि यदि समय पर उचित निर्णय न लिया तो स्वामी के प्राण ही संकट में हैं. असमंजस की स्थिति में बेचैन हनुमानजी ने ऐसी राह निकाली कि सांप भी मर जाए और लाठी भी न टूटे.

हनुमान जी बोले- तुम्हारी शर्त स्वीकार है पर हमारी भी एक शर्त है. यह विवाह तभी होगा जब तुम्हारे साथ भगवान राम जिस पलंग पर आसीन होंगे वह सही सलामत रहना चाहिए. यदि वह टूटा तो इसे अपशकुन मांगकर वचन से पीछे हट जाऊंगा.

जब महाकाय अहिरावण के बैठने से पलंग नहीं टूटता तो भला श्रीराम के बैठने से कैसे टूटेगा ! यह सोच कर चित्रसेना तैयार हो गयी. उसने अहिरावण समेत सभी राक्षसों के अंत का सारा भेद बता दिया.

चित्रसेना ने कहा- दोनों राक्षसों के बचपन की बात है. इन दोनों के कुछ शरारती राक्षस मित्रों ने कहीं से एक भ्रामरी को पकड़ लिया. मनोरंजन के लिए वे उसे भ्रामरी को बार-बार काटों से छेड रहे थे.

भ्रामरी साधारण भ्रामरी न थी. वह भी बहुत मायावी थी किंतु किसी कारण वश वह पकड़ में आ गई थी. भ्रामरी की पीड़ा सुनकर अहिरावण और महिरावण को दया आ गई और अपने मित्रों से लड़ कर उसे छुड़ा दिया.

मायावी भ्रामरी का पति भी अपनी पत्नी की पीड़ा सुनकर आया था. अपनी पत्नी की मुक्ति से प्रसन्न होकर उस भौंरे ने वचन दिया था कि तुम्हारे उपकार का बदला हम सभी भ्रमर जाति मिलकर चुकाएंगे.

ये भौंरे अधिकतर उसके शयन कक्ष के पास रहते हैं. ये सब बड़ी भारी संख्या में हैं. दोनों राक्षसों को जब भी मारने का प्रयास हुआ है और ये मरने को हो जाते हैं तब भ्रमर उनके मुख में एक बूंद अमृत का डाल देते हैं.

उस अमृत के कारण ये दोनों राक्षस मरकर भी जिंदा हो जाते हैं. इनके कई-कई रूप उसी अमृत के कारण हैं. इन्हें जितनी बार फिर से जीवन दिया गया उनके उतने नए रूप बन गए हैं. इस लिए आपको पहले इन भंवरों को मारना होगा.

हनुमान जी रहस्य जानकर लौटे. मकरध्वज ने अहिरावण को युद्ध में उलझा रखा था. तो हनुमान जी ने भंवरों का खात्मा शुरू किया. वे आखिर हनुमान जी के सामने कहां तक टिकते.

जब सारे भ्रमर खत्म हो गए और केवल एक बचा तो वह हनुमान जी के चरणों में लोट गया. उसने हनुमान जी से प्राण रक्षा की याचना की. हनुमान जी पसीज गए. उन्होंने उसे क्षमा करते हुए एक काम सौंपा.

हनुमान जी बोले- मैं तुम्हें प्राण दान देता हूं पर इस शर्त पर कि तुम यहां से तुरंत चले जाओगे और अहिरावण की पत्नी के पलंग की पाटी में घुसकर जल्दी से जल्दी उसे पूरी तरह खोखला बना दोगे.

भंवरा तत्काल चित्रसेना के पलंग की पाटी में घुसने के लिए प्रस्थान कर गया. इधर अहिरावण और महिरावण को अपने चमत्कार के लुप्त होने से बहुत अचरज हुआ पर उन्होंने मायावी युद्ध जारी रखा.

भ्रमरों को हनुमान जी ने समाप्त कर दिया फिर भी हनुमान जी और मकरध्वज के हाथों अहिरावण और महिरावण का अंत नहीं हो पा रहा था. यह देखकर हनुमान जी कुछ चिंतित हुए.

फिर उन्हें कामाक्षी देवी का वचन याद आया. देवी ने बताया था कि अहिरावण की सिद्धि है कि जब पांचो दीपकों एक साथ बुझेंगे तभी वे नए-नए रूप धारण करने में असमर्थ होंगे और उनका वध हो सकेगा.

हनुमान जी ने तत्काल पंचमुखी रूप धारण कर लिया. उत्तर दिशा में वराह मुख, दक्षिण दिशा में नरसिंह मुख, पश्चिम में गरुड़ मुख, आकाश की ओर हयग्रीव मुख एवं पूर्व दिशा में हनुमान मुख.

उसके बाद हनुमान जी ने अपने पांचों मुख द्वारा एक साथ पांचों दीपक बुझा दिए. अब उनके बार बार पैदा होने और लंबे समय तक जिंदा रहने की सारी आशंकायें समाप्त हो गयीं थी. हनुमान जी और मकरध्वज के हाथों शीघ्र ही दोनों राक्षस मारे गये.

इसके बाद उन्होंने श्री राम और लक्ष्मण जी की मूर्छा दूर करने के उपाय किए. दोनो भाई चेत में आ गए. चित्रसेना भी वहां आ गई थी. हनुमान जी ने कहा- प्रभो ! अब आप अहिरावण और महिरावण के छल और बंधन से मुक्त हुए.

पर इसके लिए हमें इस नागकन्या की सहायता लेनी पड़ी थी. अहिरावण इसे बल पूर्वक उठा लाया था. वह आपसे विवाह करना चाहती है. कृपया उससे विवाह कर अपने साथ ले चलें. इससे उसे भी मुक्ति मिलेगी.

श्री राम हनुमान जी की बात सुनकर चकराए. इससे पहले कि वह कुछ कह पाते हनुमान जी ने ही कह दिया- भगवन आप तो मुक्तिदाता हैं. अहिरावण को मारने का भेद इसी ने बताया है. इसके बिना हम उसे मारकर आपको बचाने में सफल न हो पाते.

कृपा निधान इसे भी मुक्ति मिलनी चाहिए. परंतु आप चिंता न करें. हम सबका जीवन बचाने वाले के प्रति बस इतना कीजिए कि आप बस इस पलंग पर बैठिए बाकी का काम मैं संपन्न करवाता हूं.

हनुमान जी इतनी तेजी से सारे कार्य करते जा रहे थे कि इससे श्री राम जी और लक्ष्मण जी दोनों चिंता में पड़ गये. वह कोई कदम उठाते कि तब तक हनुमान जी ने भगवान राम की बांह पकड़ ली.

हनुमान जी ने भावा वेश में प्रभु श्री राम की बांह पकड़कर चित्रसेना के उस सजे-धजे विशाल पलंग पर बिठा दिया. श्री राम कुछ समझ पाते कि तभी पलंग की खोखली पाटी चरमरा कर टूट गयी.

पलंग धराशायी हो गया. चित्रसेना भी जमीन पर आ गिरी. हनुमान जी हंस पड़े और फिर चित्रसेना से बोले- अब तुम्हारी शर्त तो पूरी हुई नहीं, इसलिए यह विवाह नहीं हो सकता. तुम मुक्त हो और हम तुम्हें तुम्हारे लोक भेजने का प्रबंध करते हैं.

चित्रसेना समझ गयी कि उसके साथ छल हुआ है. उसने कहा कि उसके साथ छल हुआ है. मर्यादा पुरुषोत्तम के सेवक उनके सामने किसी के साथ छल करें यह तो बहुत अनुचित है. मैं हनुमान को श्राप दूंगी.

